कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (हॉफ) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ.( )/ई–ग्रीनवॉच/प्रमुवस/2015–16/3647 दिनांक : 22 जून,2015

परिपत्र

ई–ग्रीनवॉच पोर्टल (http://egreenwatch.nic.in) भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा राज्यो के वन विभागो के कार्यो (Plantation and Assets) की ऑन लाईन मॉनिटरिंग हेतु बनाया गया है। वर्तमान में विभाग के कैम्पा मद के समस्त कार्यो (Plantation & Assets) को इस पोर्टल पर प्रदर्शित किया जा रहा है। पोर्टल पर अपलोड कार्यो की मॉनिटरिंग भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान द्वारा Kml file के आधार पर की जा कर ऑन लाईन टिप्पणीयॉ की जा रही है। इस पोर्टल पर ऑनलाईन एवं बाह्य मूल्यांकन की टिप्पणिया ऑनलाईन करने की सुविधा उपलब्ध है।

अतः ई–ग्रीनवॉच पोर्टल (http://egreenwatch.nic.in) की उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुये विभाग की सभी योजनाओ के विकास कार्यो (Plantation and Assets) को इस पोर्टल पर अपलोड करने का निर्णय लिया गया है जिससे सभी कार्यो की ऑनलाईन मॉनिटरिंग हो सके तथा आमजन के लिए भी सामाजिक अंकेक्षण हेतु उपलब्ध हो सके।

एतद् द्वारा निर्देशित किया जाता है :–

1. विभाग के कैम्पा सहित समस्त मदों के विकास कार्यो की सूचनाऐ ई–ग्रीनवॉच पोर्टल (http://egreenwatch.nic.in) पर अपलोड की जावे।
2. सम्भागो में पदस्थापित उप वन संरक्षक (P&M) संबंधित सम्भाव में कराये जा रहे वन विकास कार्यो के प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग ई–ग्रीनवॉच पोर्टल पर करेंगे तथा प्रगति रिपोर्ट से प्रत्येक माह की 10 तारीख तक मूख्यालय पर कार्यरत प्रभारी (M&E) प्रभाग को प्रेषित करेंगे तथा संबंधित सम्भागीय मुख्य वन संरक्षक एवं संबंधित उप वन संरक्षक को अवगत करायेंगे।
3. पोर्टल पर आंतरिक मूल्यांकन संबंधित टिप्पणियॉ संबंधित उप वन संरक्षक द्वारा अंकित की जावेगी। वन विकास कार्यो में बाह्य मूल्यांकन सम्बन्धी टिप्पणियॉ उप वन संरक्षक (P&M) द्वारा की जावेंगी तथा रिपोर्ट मुख्यालय को प्रेषित की जावेंगी।

/
(डॉ. एस.एस. चौधरी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (हॉफ)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ.( )/ई–ग्रीनवॉच/प्रमुवस/2015–16/3648–3752 दिनांक : 22 जून,2015
प्रतिलिपि :– समस्त वनाधिकारियो को पालनार्थ ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (हॉफ)
राजस्थान, जयपुर